गलता गेट इलाके में वृद्धा के पैर काटकर चांदी के कड़े लूटने वाला बदमाश गिरफ्तार

आरोपी 3-4 साल पहले वृद्धा के घर में किराये पर रहता था, खुद का 4 लाख रु. कर्ज न चुका पाया तो हत्या और लूट की वारदात कर डाली

जयपुर के गलता गेट इलाके में 108 वर्षीय वृद्धा जमुना देवी के पैर के पंजे काटकर चांदी के कड़े लूटने वाले बदमाश प्रकाश प्रजापत (बायें से चौथे) को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (क्राइम) अजय पाल लांबा ने मंगलवार को पत्रकारों से रूबरू होकर मामले का खुलासा किया।

-कार्यालय संवाददाता-

- उधर अधिक खून बहने के कारण सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती वृद्धा जमुना देवी की मंगलवार को मौत हो गई
- आरोपी प्रकाश प्रजापत गलता गेट इलाके में वृद्धा के मकान के नजदीक ही रहता था, उसे घर और बाहर के सभी रास्ते मालूम थे, लेकिन वारदात के बाद भागते वक्त वह सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गया

जयपुर। राजधानी जयपुर के गलता गेट इलाके में रविवार अलसुबह 108 वर्षीय वृद्धा जमुना देवी के पैर के पंजे काटकर चांदी के कड़े लूटने वाले बदमाश को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। जानकारी में सामने आया कि गिरफ्तार आरोपित प्रकाश प्रजापत 3-4 साल पहले वृद्धा के मकान में ही किराए पर रहता था और तब से ही उसकी नजर इन चांदी के कड़ों पर थी। आरोपी खुद का कर्ज न उतार पाया तो उसने वृद्धा जमुना देवी की हत्या और लूट की साजिश रची। उधर सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती वृद्धा की मंगलवार दोपहर इलाज के दौरान अत्यधिक रक्तस्त्राव के कारण मौत हो गई।

अतिरिक्त पुलिस कमिश्नर (क्राइम) अजय पाल लांबा ने बताया कि गलता इलाके में रविवार अलसुबह 108 वर्षीय वृद्ध महिला जमुना देवी के पैर काट कर चांदी के कड़े लूटने वाले प्रकाश प्रजापत (27) निवासी टोडा मीणा रायसर जिला जयपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपित के पास से लूटे गए चांदी के कडे भी बरामद किए गए है। जो लूट की वारदात को अंजाम देने के बाद आरोपित जयपुर छोड़कर फरार हो गया था। जिसे ट्रेडिशनल पुलिसिंग और टेक्निकल इनपुट के आधार पर गिरफ्तार किया है।

डीसीपी उत्तर परिस देशमुख ने बताया कि कुछ साल पहले आरोपित प्रकाश प्रजापत बुजुर्ग महिला के मकान में किराए से रहता था और उसके बाद मकान खाली करके पास में ही अन्य दूसरे मकान में किराए से रहने लगा। आरोपित अय्याशी और घूमने-फिरने का शौक़ीन है। इस कारण उस पर काफी कर्जा हो गया। कर्ज चुकाने के लिये उसे धन की अत्यंत आवश्यकता थी। चूंकि आरोपित पीड़िता के मकान में पहले किराए से रहा था तथा अब भी वह पास में किराए से रह रहा था, इसलिये वह जमुना देवी की शारीरिक-पारिवारिक स्थिति से पूरी तरह वाकिफ था। उसे यह भी मालूम था कि बुजुर्ग होने की वजह से पीड़िता खुद चल-फिर पाने में असमर्थ है। पूछताछ में सामने आया कि आरोपित प्रकाश प्रजापत का कुछ साल पहले उसका सड़क दुर्घटना में पैर टूट गया था और इलाज में चार लाख का खर्चा हुआ। इसके बाद वह इस कर्ज को चुका नहीं पा रहा था। आए दिन पैसे मांगने वाले उसके घर आते थे। इस पर उसने महिला को मारने का प्लान बनाया।

पुलिस को वारदात में सबसे पहला शक आस-पास के लोगों और परिजन पर गया था। महिला के मकान में 11 किराएदार रहते हैं। पुलिस की जांच इन पर ही लगी हुई थी। वृद्धा के मकान में सब्जी बेचने वाले किराएदार सुबह 4 बजे उठ जाते हैं, लेकिन रविवार के कारण उठे नहीं या फिर क्या कारण रहा। घर के चौक में सब्जी भी रखी थी। इसी आधार पर पुलिस ने वारदात के खुलासे के लिए के लिए वृद्धा के मकान में रहने वाले किरायेदारों से पूछताछ की। साथ ही ऐसे किराएदार जो पूर्व में मकान में रह कर गए हैं, उनकी भी जानकारी जुटाई गई। इसके साथ ही वारदात स्थल से लेकर हाईवे पर लगे हुए हजारों सीसीटीवी कैमरों की फुटेज को पुलिस ने खंगाला। सैकड़ों संदिग्ध लोगों से पूछताछ की गई। जब पुलिस पड़ताल करते हुए आरोपित प्रकाश प्रजापत के किराए के मकान पर पहुंची तो वह वहां नहीं मिला। ऐसे में पुलिस का शक उस पर गहरा हो गया और पुलिस की एक टीम उसके पीछे लगा दी गई।

आरोपित प्रकाश प्रजापत इसी कॉलोनी में कई सालों तक वृद्धा के यहां किराए रहा था। उसे घर में घुसने और घर से बाहर निकलने के वह तमाम रास्ते पता थे। जहां पर किसी की भी नजर नहीं जाती। यही कारण रहा कि उसने वारदात की और मौके से निकल गया। एक जगह कंस्ट्रक्शन होने के कारण वह दूसरे रास्ते से निकला। इससे वह सीसीटीवी की कैद में आ गया। पुलिस को वहीं से लीड मिली और उसके बाद पुलिस आरोपी प्रकाश प्रजापत तक पहुंची।

लूट का खुलासा करने वाले कांस्टेबल को प्रमोशन

जयपुर (कासं)। गंगापोल गेट स्थित मीणा कॉलोनी में 108 वर्षीय जमुना देवी के पैर काटकर चांदी के कड़े लूटने वाले बदमाश को ढूंढने वाले कांस्टेबल प्रधान को प्रमोशन मिला है। हजारों लोगों की भीड़ में अपराधी को पहचान करके वारदात का खुलासा करने पर उसे यह पदोन्नति मिली है।

पुलिस कमिश्नर आनंद श्रीवास्तव ने बताया कि बुजुर्ग महिला भीड़भाड़ वाले क्षेत्र में रहती थी और यहां पर इस तरह की वारदात होना गंभीर मामला है। लेकिन लोगों की आवाजाही में सबसे पहले आरोपी की पहचान कांस्टेबल प्रधान ने की। इस पर पुलिस महानिदेशक एम.एल. लाठर ने कांस्टेबल प्रधान को गैलेंट्री प्रमोशन देने की घोषणा की है।

कांस्टेबल प्रधान

राजस्थान में 32 नए करोना संक्रमित मिले

-कार्यालय संवाददाता-

- मंगलवार को कोटा में 8 और जयपुर में 5 नए मरीज सामने आए हैं।

जयपुर। प्रदेश में मंगलवार को करोना संक्रमण के 32 नए मामले सामने आए हैं। वहीं 31 रोगी ठीक हुए हैं। राज्य में फिलहाल 274 एक्टिव केस मौजूद है।

प्रदेश में मंगलवार को 12 जिलों में 32 नए संक्रमित मिले हैं। इससे पहले सोमवार को इनकी संख्या 21 रही थी। राज्य में पिछले चौबीस घंटों में सबसे ज्यादा 8 नए संक्रमित कोटा में मिले हैं। इसके अलावा जयपुर में 5, अलवर में 4, चितौड़गढ़ में 3, बारां, राजसमंद, सीकर व उदयपुर में 2-2 तथा पाली, जोधपुर, बीकानेर और भरतपुर में एक-एक नया संक्रमित मिला है। इस बीच राज्य में 8713 जांचें की गई।

प्रदेश में मंगलवार को एक बार फिर रिकवरी में कमी आई है। इस दौरान 31 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस बढ़कर 274 हो गए हैं। हालांकि जयपुर में 13 मरीजों के ठीक होने से एक्टिव केस घटकर 54 रह गए हैं। प्रदेश में पिछले चौबीस घंटों में करोना से किसी मरीज की मौत नहीं हुई है। राज्य में अब तक इस बीमारी से 9644 लोगों की मौत हो चुकी है। जयपुर में मंगलवार को 5 स्थानों पर नए संक्रमित मिले हैं। इनमें बापू नगर, बरकत नगर, जगतपुरा, जौहरी बाजार और शाहपुरा में 1-1 नया संक्रमित मिला है।

तेजी से कृषि कनेक्शन जारी करने के निर्देश

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर डिस्कॉम के प्रबन्ध निदेशक अजीत कुमार सक्सैना की अध्यक्षता में मंगलवार 11 अक्टूबर को विद्युत भवन के कान्फ्रेन्स हॉल में निगम के वरिष्ठ अधिकारियों की बैठक आयोजत हुई, जिसमें विभिन्न कार्यों तथा योजनाओं की चालू वित्त वर्ष में सितम्बर माह तक हुई प्रगति की सर्किलवार विस्तार से समीक्षा की गई। बैठक में निदेशक वित्त, मुख्य लेखा नियंत्रक, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सतर्कता, संभागीय मुख्य अभियन्ता सहित निगम क्षेत्र के अन्तर्गत आने वाले सभी 12 जिलों के अधीक्षण अभियन्ता व लेखाधिकारी उपस्थित रहे।

सक्सैना ने मुख्यमंत्री की बजट घोषणा के अनुसार कृषि कनेक्शन देने के कार्य की प्रगति की समीक्षा करते हुए सभी सर्किल अधीक्षण अभियन्ता को कनेक्शन जारी करने के कार्य में तेजी लाने के निर्देश दिए ताकि निर्धारित समयावधि में लक्ष्य को पूरा किया जा सके। इसके लिए आवश्यक सामान की पर्याप्त उपलब्धता है। इस कार्य में लापरवाही बरतने वाले अधिकारियों के खिलाफ सख्त कार्यवाही की जाएगी। उन्होंने कहा कि रबी सीजन में कृषि कार्य हेतु किसानों को निर्धारित ब्लॉक के अनुसार बिना व्यवधान के बिजली आपूर्ति किया जाना सुनिश्चित किया जाए।

परिचित ने किया युवती से दुष्कर्म का प्रयास

जयपुर (कासं)। प्रताप नगर इलाके में युवती से दुष्कर्म के प्रयास का मामला सामने आया है। मेला दिखाने के बहाने परिचित उसे घर से लेकर गया था, बाद में खाली पड़े मकान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म का प्रयास किया। प्रताप नगर थाने में पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि सेक्टर-17 प्रताप नगर निवासी 20 साल की युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। शिकायत में बताया कि आरोपी अशोक सांगानेर कृषि अनुसंधान नगर का रहने वाला है। वह उसके पिता का परिचित है। पिता का परिचित होने के कारण आरोपी अशोक का घर पर आना-जाना है।

दशहरा की शाम आरोपी अशोक उनके घर आया था। कुछ देर बैठकर घर पर बातचीत की। जिसके बाद मेला दिखाने के बहाने उसे ले गया। प्रताप नगर में श्मशान के पास एक खाली मकान में ले गया।

कमरे में ले जाकर आरोपी ने उसके साथ रेप का प्रयास किया। जैसे-तैसे आरोपी के चुंगल से भागकर पीड़िता अपने घर पहुंची। गुमशुम रहने के दौरान परिजनों के दबाव बनाकर पूछने पर पीड़िता ने आपबीती सुनाई। गुस्साएं परिजन पीड़िता को लेकर थाने पहुंचे। आरोपी परिचित अशोक के खिलाफ पीड़िता ने रिपोर्ट दर्ज करवाई।

जेएलएफ में 250 से ज्यादा वक्ता भाग लेंगे

जयपुर, (का.सं.)। दुनिया का सबसे बड़ा साहित्यिक उत्सव, जयपुर लिटरेचर फेस्टिवल एक बार फिर से गुलाबी नगरी में दस्तक देने वाला है। जयपुर के होटल क्लार्क्स आमेर में, 19-23 जनवरी 2023 को आयोजित होने वाले उस फेस्टिवल में साहित्य, किताबों और विचारों की धूम रहेगी।

अपने 16वें संस्करण में यह आइकोनिक फेस्टिवल दुनिया भर के श्रेष्ठ वक्ताओं के साथ विभिन्न विचारों, मतों, संगीत, कला, व्यंजन और कारीगरी की अनुपम छटा प्रस्तुत करेगा। फेस्टिवल में 5 वेन्यू और 250 से ज्यादा वक्ताओं के माध्यम से सभी भारतीय भाषाओं और अनेकों विदेशी भाषाओं का प्रतिनिधित्व किया जायेगा। प्रत्येक वर्ष की तरह इस बार भी ये फेस्टिवल अपने अनोखे प्रोग्राम से सुसज्जित है, जिसमें कथा, कथेतर, व्यंजन, इतिहास, करंट अफेयर्स तक के विशेषज्ञ शामिल रहेंगे।

कांग्रेस को सरकार में रहने का नैतिक अधिकार नहीं : अरूण सिंह

- 'विधानसभा स्पीकर सी.पी.जोशी को इस्तीफे करने चाहिए स्वीकार'

जयपुर। राजस्थान कांग्रेस में मुख्यमंत्री पद को लेकर चले थे सियासी घटनाक्रम पर प्रदेश भाजपा के प्रभारी अरुण सिंह ने भी हमला बोला है। प्रदेश प्रभारी अरुण सिंह ने कहा विधायक और मंत्रियों के सामूहिक इस्तीफे के बाद गहलोत सरकार को नैतिकता के आधार पर सरकार में रहने का हक नहीं है। अरुण सिंह ने आज भाजपा कार्यालय में मीडिया से बातचीत करते हुए कहा कि जब मंत्रियों-विधायकों का सामूहिक इस्तीफा हो जाता है तो फिर सरकार का अस्तित्व नहीं रहता है। विधानसभा स्पीकर सीपी जोशी को भी मंत्री और विधायकों के इस्तीफे स्वीकार करने चाहिए, अरुण सिंह ने कहा कि सबसे बड़ा सवाल तो यही है कि इस्तीफा देने के बाद आखिर किस अधिकार से मंत्री और विधायक सुविधाओं का लाभ ले रहे हैं। यह राजस्थान की जनता के साथ बहुत बड़ा धोखा है और आने वाले विधानसभा चुनाव में जनता इन्हें सबक सिखाएगी।

अरुण सिंह ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत पर निशाना साधते हुए कहा कि मुख्यमंत्री अशोक गहलोत हर काम में केवल दोषारोपण की राजनीति करते हैं और विपक्ष के नेताओं पर दोष मंढते हैं। उन्होंने 4 साल में दोषारोपण के अलावा और कोई काम नहीं किया। राजस्थान की जनता इनसे बहुत नाराज है और आने वाले विधानसभा चुनाव में कांग्रेस को सबक सिखाएगी।

इधर पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा के 20 और 21 अक्टूबर को कोटा संभाग के दौरे को लेकर अरुण सिंह ने कहा कि उनका दौरा ऐतिहासिक होगा उनके दौरे को लेकर तैयारियां चल रही हैं। जेपी नड्डा के दौरे से पार्टी के कार्यकर्ताओं में भी नए जोश का संचार होगा और आगामी विधानसभा चुनाव में पार्टी का परचम लहराएगा।

श्रेया गुहा नैफ्सकॉब की निदेशक निर्वाचित

जयपुर, (का.सं.)। प्रमुख शासन सचिव, सहकारिता श्रेया गुहा नेशनल फैडरेशन ऑफ स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक (नैफ्सकॉब) का निदेशक निर्वाचित किया गया है। आईजोल, मिजोरम में सम्पन्न आमसभा में संचालक मण्डल के रिक्त पदों के लिए चुनाव में श्रेया गुहा, सहकारिता एवं प्रशासक, दि राजस्थान स्टेट को-ऑपरेटिव बैंक लिमिटेड को सर्वसम्मति से संचालक (निदेशक) निर्वाचित की गई है। नैफ्सकॉब देश के सभी राज्यों के शीर्ष सहकारी बैंकों के प्रबंधन का राष्ट्रीय फोरम है।

नैफ्सकॉब देश के ग्रामीण सहकारी बैंकों से संबंधित विषयों में नाबार्ड, भारतीय रिजर्व बैंक एवं भारत सरकार के ध्यान में लाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

आरसीए के चुनाव पर 18 अक्टूबर तक रोक जारी

जयपुर, (का.सं.)। राजस्थान हाईकोर्ट ने आरसीए चुनाव पर लगी अंतरिम रोक को 18 अक्टूबर तक बढ़ा दिया है। इसके साथ ही अदालत ने मामले में आरसीए को जवाब के लिए समय देते एक सप्ताह का समय दिया है। जस्टिस महेन्द्र गोयल की एकलपीठ ने यह आदेश दौसा जिला क्रिकेट संघ व अन्य जिला संघों की याचिका पर दिए। वहीं मामले में हाईकोर्ट की ओर से पूर्व में मुख्य चुनाव अधिकारी रामलुभाया, प्रमुख खेल सचिव और सहकारिता रजिस्ट्रार सहित अन्य को नोटिस की तामील नहीं हुई है।

सुनवाई के दौरान आरसीए की ओर से कहा गया कि उन्हें याचिका पर विस्तृत जवाब पेश करना है। इसलिए उन्हें समय दिया जाए। इस पर अदालत ने आरसीए को जवाब के लिए 18 अक्टूबर तक का समय दिया है। वहीं अदालत के सामने आया कि अन्य पक्षकार को जारी नोटिस की तामील नहीं हुई है। इस पर अदालत ने मामले की सुनवाई टाल दी।

बॉयफ्रेंड ने जयपुर की युवती को दिल्ली ले जाकर गैंगरेप किया

नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर शादी की, बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर वीडियो बनाया

- मल्टीनेशनल कंपनी में नौकरी लगवाने के बहाने दिल्ली लेकर गया था आरोपी, फिर परिवार को जान से मारने की धमकी देकर युवती को बंधक बनाया, जहां अलग-अलग लोगों ने उससे दुष्कर्म किया
- युवती के परिजन उसे तलाशते हुए दिल्ली पहुंचे तो डर के कारण पीड़िता कुछ न बोल सकी, किसी तरह पिता छुड़वाकर जयपुर लाए, अब इस्तगासे के जरिये आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया

जयपुर (कासं)। नौकरी दिलाने के बहाने जयपुर की युवती को दिल्ली ले जाकर गैंगरेप करने का मामला सामने आया है। बॉयफ्रेंड ने नशीली कोल्डड्रिंक पिलाकर उससे निकाह किया और बेहोशी की हालत में दुष्कर्म कर अश्लील वीडियो भी बना लिया। ब्लैकमेल कर लगातार नशीली कोल्डड्रिंक पिलाई और बेहोशी की हालात में अलग-अलग लोग गैंगरेप करते रहे। बदमाशों के चंगुल से छूटकर जयपुर पहुंची पीड़िता ने झोटवाड़ा थाने में आरोपी नदीम, मोहसीन, दानिश, नजाकत, फुरकान और नसीम के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई है।

पुलिस ने बताया कि झोटवाड़ा निवासी 19 वर्षीय युवती ने रिपोर्ट दर्ज करवाई है। वह कॉम्पिशिटन एग्जाम की तैयारी कर रही है। उसे प्यार में फांसने के लिए मोहम्मद नदीम खान (37) उसके घर के आसपास चक्कर लगता था। दोस्ती होने पर दोनों में बातचीत होने लगी। बातचीत के दौरान उसने उसे दिल्ली में मल्टीनेशनल कंपनी में जॉब लगाने का झांसा दिया। रिपोर्ट में बताया कि 2 अगस्त को सुबह करीब 4 बजे आरोपी नदीम उसे बहला-फुसलाकर घर से अजमेर भगा ले गया। एक दिन अजमेर रुकने के बाद उसे दिल्ली ले गया। दिल्ली में रहने वाले परिवाजरनों के पास उसे ले गया। जहां नदीम के साथी देखते ही बोले "या खुदा हम कामयाब हुए।" वह कुछ समझ पाती इससे पहले ही उसके निकाह की तैयारी कर ली। उसे कोल्डड्रिंक में नशा मिलाकर पिलाया।

रात करीब 1 बजे काजी को फ्लैट पर बुलाकर नदीम से निकाह करा दिया। बेहोशी ही हालत में उसके साथ नदीम ने रेप किया। सुबह होश आने पर नदीम से पूछने पर उसने अपने मोबाइल में बनाया अश्लील वीडियो दिखाया। विरोध करने पर धमकाया कि हमारा निकाह हो चुका है। तेरी भलाई इसी में है कि तू सब कुछ भूल जा। जयपुर का नाम मत लेना। समझ ले तेरे मम्मी-पापा आज से मर गए। जॉब की सारी बातें अपने दिमाग से निकाल देना। वो तो सिर्फ तुझे यहां दिल्ली लाने का बहाना था। किसी को भी अहसास करवाया तो ये अश्लील वीडियो सोशल मीडिया पर डाल दूंगा। तेरे पिता और भाई को मरवा देंगे, हमारा बहुत बड़ा ग्रुप है।

वहीं दूसरी ओर बेटी के घर से लापता होने पर परिजनों ने उसकी तलाश की। नहीं मिलने पर पिता ने झोटवाड़ा थाने में लापता बेटी की गुमशुदगी दर्ज करवाई। पुलिस उसे ढूंढते हुए दिल्ली पहुंच गई। लेकिन आरोपियों के डर के मारे वह कुछ भी नहीं बोल पाई और उनके पक्ष में बयान दिए। पुलिस लौट आई, इसके बाद आरोपी नदीम लगातार कोल्डड्रिंक में नशीला पदार्थ मिलाकर उसे देने लगा। मना करने पर उसके साथ मारपीट की जाती थी। बेहोशी की हालत में उससे अलग-अलग युवक रेप करते। ज्यादातर समय नशे की हालत में रखा जाता था। होश रहने पर विरोध करने पर भी जबरन धमकी देकर गैंगरेप किया गया। पीड़िता ने रिपोर्ट में बताया कि आरोपी नदीम, मोहसीन, दानिश, नजाकत, फुरकान और नसीम ने रेप किया है।

इसके बाद 29 अगस्त को उससे मिलने के लिए मामा और मम्मी दिल्ली आए। नशे की हालत में बेटी को देखकर उसके दर्द का एहसास हुआ। घर लौटकर पति को बेटी को लाने का कहा। गत 18 सितम्बर को दिल्ली जाकर जैसे-तैसे पिता अपने साथ बेटी को वापस जयपुर लाए। चार दिन तक उसे नशे का असर रहा। धीरे-धीरे उससे सब कुछ रिकॉल हुआ। जिसके बाद इस्तगासे के जरिए नदीम समेत 8 लोगों के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज करवाई गई।

'कार्यकर्ताओं का उत्साह देखकर मन भावुक हुआ'

जयपुर/झुंझुनूं। जयपुर से झुंझुनूं जाते समय केंद्रीय जलशक्ति मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत का कई स्थानों पर भाजपा कार्यकर्ताओं ने जोरदार स्वागत किया। शेखावत ने कहा कि यात्रा के दौरान झुंझनूं में पार्टी के सिपाहियों का उत्साह देखकर मन में भावुकता उमड़ आई। सोशल मीडिया पर फोटो साझा करते हुए केंद्रीय मंत्री शेखावत ने कहा कि इस स्वागत में औपचारिकता का निशान नहीं, पूर्णतया अपनापन मिला।

95 पुलिस अफसरों का सम्मान आज

जयपुर। प्रदेश के 39 आईपीएस अफसरों के साथ-साथ विभिन्न जिलों में तैनात पुलिस अफसरों, मंत्रालयिक वर्ग एवं राज्य विधि विज्ञान प्रयोगशाला के निदेशक समेत 95 पुलिसकर्मियों को बुधवार को सम्मानित किया जायेगा। महानिरीक्षक पुलिस कार्मिक एस परिमाला ने बताया कि डीजीपी एम.एल.लाठर इन 95 अफसरों को डीजीपी डिस्क प्रशस्ति रोल, पुलिस पदक, उत्कृष्ट एवं अति उत्कृष्ट सेवा पदक तथा अन्वेषण में उत्कृष्टता हेतु केंद्रीय गृहमंत्री पदक प्रदान करेंगे।

अब कांग्रेस आलाकमान की कार्यवाही का इंतजार, माफी मिलेगी या होंगे बाहर

- समानांतर बैठक बुलाए जाने के मामले में महेश जोशी ने भी भेजा कारण बताओ नोटिस का जवाब, शांति धारीवाल और धर्मेंद्र राठौड़ पहले ही भेज चुके हैं अपने जवाब
- 25 सितंबर को आलाकमान की ओर से बुलाई गई विधायक दल की बैठक का बहिष्कार कर धारीवाल के निवास पर समानांतर बैठक बुलाने और विधानसभा अध्यक्ष को इस्तीफे देने का मामला

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में 25 सितंबर को कांग्रेस आलाकमान की ओर से एक लाइन का प्रस्ताव पास करवाने के लिए बुलाई गई विधायक दल की बैठक का गहलोत गुट के विधायकों की ओर से बहिष्कार किया गया था। इसके साथ ही संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी, जिसके बाद कारण बताओ नोटिस का सामना कर रहे मुख्य सचेतक महेश जोशी ने कांग्रेस की अनुशासन समिति को नोटिस का जवाब भेज दिया है।

दरअसल राजस्थान में 25 सितंबर को मुख्यमंत्री निवास पर कांग्रेस विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी। विधायक दल का नेता चुने जाने को लेकर प्रभारी अजय माकन और पार्टी पर्यवेक्षक मल्लिकार्जुन खड़गे सभी विधायकों से बात करने आए थे,लेकिन इस बैठक का बहिष्कार कर संसदीय कार्य मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर समानांतर विधायक दल की बैठक बुलाई गई थी और इस बैठक में आलाकमान के खिलाफ बयानबाजी की गई थी, जिसके वीडियो भी वायरल हुए थे। इस बैठक के बाद समानांतर बैठक में मौजूद मंत्री, विधायक विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीपी जोशी को अपना इस्तीफा सौंपने गए थे।

इस मामले में कांग्रेस आलाकमान की ओर से 27 अक्टूबर को मंत्री शांति धारीवाल, मुख्य सचेतक महेश जोशी और आरटीडीसी चेयरमैन धर्मेंद्र राठौड़ को कारण बताओ नोटिस जारी किए गए थे। यह नोटिस पर्यवेक्षक बन कर आए अजय माकन और मल्लिकार्जुन खड़गे की रिपोर्ट के आधार पर अनुशासन समिति के सदस्य तारिक अनवर की ओर से जारी किए गए थे। मंत्री शांति धारीवाल और धर्मेंद्र राठौड़ को तो नोटिस तय समय पर मिल गए थे, इसके चलते उन्होंने 6 सितंबर से पहले ही अपना जवाब भेज दिया था। मुख्य सचेतक और मंत्री महेश जोशी को कारण बताओ नोटिस 6 अक्टूबर को मिला था। ऐसे में उनके पास जवाब देने के लिए 15 अक्टूबर तक का समय था, लेकिन महेश जोशी ने अपना जवाब नोटिस मिलने के 5 दिनों में ही 10 अक्टूबर को कांग्रेस अनुशासन समिति को भिजवा दिया है।

जोशी ने नोटिस में क्या जवाब दिया है,यह तो साफ नहीं है, लेकिन कहा जा रहा है कि महेश जोशी ने अपने नोटिस के जवाब में विधायक दल की बैठक से पहले मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर हुई बैठक के लिए विधायकों को फोन करने से इनकार किया है। महेश जोशी को जो कारण बताओ नोटिस दिया गया था, उसका सबसे बड़ा कारण यही था कि महेश जोशी पर यह आरोप था कि उन्होंने मुख्य सचेतक होते हुए मुख्यमंत्री आवास पर होने वाली विधायक दल की बैठक के लिए तो फोन विधायकों को किए ही थे, उसके साथ ही मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर समानांतर बैठक में शाम 5 बजे शामिल होने के लिए फोन किए थे। दूसरी ओर महेश जोशी लगातार इन आरोपों से साफ इनकार करते रहे है और कहा है कि विधायक स्वेच्छा से मंत्री शांति धारीवाल के निवास पर पहुंचे थे। इसके लिए विधायकों को किसी ने फोन नहीं किया था।

अब कांग्रेस आलाकमान को तीनों नेताओं के जवाब मिल चुके हैं। ऐसे में अब देखने वाली बात यह होगी कि पार्टी आलाकमान शांति धारीवाल, महेश जोशी और धर्मेंद्र राठौड़ की ओर से दिए गए जवाबों से संतुष्ट होता है या फिर आगे की कार्यवाही होती है। कहा यह भी जा रहा है कि 19 अक्टूबर को कांग्रेस अध्यक्ष का चुनाव संपन्न होने के बाद में अब जो भी कार्यवाही होगी, वह नए अध्यक्ष के निर्देशन में ही होगी। ऐसे में सभी को 19 अक्टूबर का इंतजार है।